आज दिनांक 31 मार्च, 2022 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी के दिशा निर्देशन में अंग्रेजी विभाग, संस्कृत विभाग व महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में 34 विधार्थी एवं संबंधित टीचर इंचार्ज ने सूरजकुंड मेले में शक्षणिक भ्रमण किया। विधार्थियों ने विभिन्न देशों व राज्यों की चौपालों पर जाकर उनकी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत के विषय में जाना। थीम स्टेट 2022 जम्मू कश्मीर की चौपाल जाकर विधार्थियों ने वहां की क्राफ्ट के विषय में जानकारी अर्जित की। विधार्थियों ने भारतीय संस्कृति की अनेकता में एकता का जीवंत उदाहरण मेले में लाइव देखा। अग्रवाल कॉलेज विधार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। मेले में कॉलेज Entrepreneur इंचार्ज डॉ. डिंपल की देखरेख में महाविद्यालय की वाणिज्य संकाय की छात्रा दिव्या बंसल ने आर्ट एंड क्राफ्ट की स्टॉल लगाकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। भ्रमण समूह अंग्रेजी विभागाधक्ष्या श्रीमती कमल टंडन जी के मार्गदर्शन में महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. गीता गुप्ता, संस्कृत विभागाधक्ष्या डॉ. पूजा सैनी, डॉ. सारिका, डॉ. इनायत तथा मिस्टर सुभाष मौजूद रहे।